केन्द्रीय विद्यालय ढाना
प्रवेश सूचना (2020-21)

शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा एक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 20.07.2020 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 07.08.2020 सांय 7:00 बजे तक किया जा सकेगा। प्रवेश संबन्धित विवरण वैबसाइट और Android मोबाइल ऐप दोनों के माध्यम से https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

शैक्षणिक सत्र 2020-21 में कक्षा 1 में ऑनलाइन प्रवेश के लिए आधिकारिक Android मोबाइल ऐप https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in/apps/ पर उपलब्ध है। ऐप डाउनलोड करने और इन्स्टाल करने के निर्देश उपरोक्त URL पर उपलब्ध होंगे। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे पोर्टल और ऐप का उपयोग करने से पहले निर्देशों का सावधानी से पालन करें।

कक्षा दो एवं दो से ऊपर कि कक्षाओं में स्थान रिक्त होने पर ही प्रवेश के लिए पंजीकरण दिनांक 20.07.2020 प्रातः 8:00 बजे से दिनांक 25.07.2020 साँय 4:00 बजे तक (ऑफलाइन मोड) द्वारा किया जा सकेगा। कक्षा XI के लिए आवेदन प्रपत्र विद्यालय की वैबसाइट (http://dhana.kvs.ac.in/) पर व के.वि.सं. वैबसाइट (https://kvsangathan.nic.in) पर समय सारिणी के अनुसार डाउनलोड हेतू उपलब्ध होगा।

सभी कक्षाओं के लिए आयु की गणना 31.03.2020 से होगी। कक्षाओं में सीटों का आरक्षण के.वि.सं. के प्रवेश दिशा-निर्देश के अनुसार किया जाएगा (https://kvsangathan.nic.in)। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभिभावक संबन्धित केन्द्रीय विद्यालय/मुख्यालय की वैबसाइट देखें।

वर्तमान में COVID-19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सक्षम अधिकारी (केंद्र/राज्य/स्थानीय) द्वारा जारी स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों की अनुपालना में अभिभावकों से अनुरोध है कि वे **विद्यालय में जाकर भीड़ एकत्रित न करें।** प्रवेश संबंधी सभी सूचनाओं की जानकारी, पंजीकरण प्रपत्र भरने के लिए **विद्यालय/मुख्यालय की वैबसाइट निरंतर देखें।** पूर्णतया भरा हुआ पंजीकरण प्रपत्र स्कैन कर संबन्धित विद्यालय की ई मेल (**kvdhanawellbeing@gmail.com**) पर प्रेषित करें।

प्राचार्य द्वारा विद्यालय में बुलाए जाने पर निर्धारित समय अंतराल में ही प्रवेश प्रभारी/प्राचार्य से संपर्क करें।

आदेशानुसार

प्राचार्य